बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : योo स्था01 / 3–09 / 2009 / योo वि0,पटना,दिनांक अक्टूबर, 2026

प्रेषक,

आशुतोष दत्ता,
उप निदेशक

सेवा में,

निबंधित / ई–मेल

जिला योजना पदाधिकारी,
जिला योजना कार्यालय, मुजफ्फरपुर

विषय : **माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या–18802 / 2017, डॉ0 भीम राव अम्बेडकर विचार मंच बनाम बिहार एवं अन्य तथा सम्बद्ध वादों में दिनांक 15.07.2024 को पारित आदेश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने के संबध में।**

प्रसंग : विभागीय पत्रांक–1949 दिनांक–17.04.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के ज्ञापांक 5007 दिनांक 12.03.2026 के आलोक में विभाग में 63वीं, 64वीं, 65वीं, 66वीं, 67वीं, 68वीं एवं 69वीं प्रतियोगिता परीक्षा के तहत् अनुसूचित जाति (02) कोटि में चयनित एवं अनुशंसित **उम्मीदवारों से तांती / ततवा जाति में होने / न होने संबंधी स्व–घोषणा पत्र प्राप्त कर** विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

वांछित प्रतिवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में विभागीय पत्रांक–2760 दिनांक–29.05.2026, पत्रांक–4114 दिनांक–03.08.2026 एवं पत्रांक–4997 दिनांक–11.09.2026 द्वारा स्मारित भी किया गया है। परंतु वांछित प्रतिवेदन अद्यतन विभाग को अप्राप्त है।

उक्त विषय के संबंध में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–264 दिनांक–24.04.2026 द्वारा विभाग को स्मारित भी किया गया है। वांछित प्रतिवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में इस विषय पर अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव नहीं है। उक्त सभी विभागीय पत्रों द्वारा इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने का अनुरोध किया गया था। इसके बावजूद, अबतक प्रतिवेदन उपलब्ध न कराया जाना इस बात का द्योतक है कि आपके द्वारा इस विषय को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में पुनः अनुरोध है कि विषयांकित मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई कर वांछित प्रतिवेदन अविलंब विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(आशुतोष दत्ता)
उप निदेशक

ज्ञापांक : यो0स्था01 / 3–09 / 2009 / यो0वि0,पटना,दिनांक अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि – श्रीमती प्रिया भारती, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को वांछित प्रतिवेदन विभाग में दो दिनों के अंदर समर्पित करने के निदेश के साथ प्रेषित।

ह0 / –
उप निदेशक

ज्ञापांक : यो0स्था01 / 3–09 / 2009-5850 / यो0वि0,पटना,दिनांक 15 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि – प्रबंधक (आई0टी0), योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

उप निदेशक 15/10/2026

I.T. Manager.